# कार्यालय मुख्य अभियंता
## लोक निर्माण विभाग इंदौर परिक्षैत्र इन्दौर

**Phone-0731-2491825** **Email:cepwdwest@mp.nic.in**


क्रमांक 1486 / स्था. / भर्ती.निःशक्तजन / 2024 इंदौर, दिनांक 13/06/2024

**प्रति**

**संचालक,**
**सूचना तथा प्रकाशन कार्यालय,**
**म.प्र. भोपाल।**

**विषयः–** निःशक्तजनों के लिये विशेष भर्ती अभियान के तहत विज्ञप्ति जारी किये जाने के संबंध में।

**संदर्भः–** प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल का पत्र क्रमांक 303 / 41 / 2021 / पार्ट –3 / 528 भोपाल दिनांक 14.03.2024 एवं पत्र क्रमांक 303 / 41 / 2021 / पार्ट–2 / 916 भोपाल दिनांक 09.05.2024

––––0––––

विषयांतर्गत निःशक्तजनों के लिये विशेष भर्ती अभियान के तहत विज्ञप्ति जारी कर तृतीय श्रेणी के सहायक मानचित्रकार (वि. / या.)अनुरेखक (सिविल) एवं सहायक ग्रेड–3 के पदों की भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने है। अतः उक्त विज्ञप्ति की सूचना के प्रकाशन हेतु विज्ञापन आपके ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के माध्यम से एवं ई–मेल के द्वारा सूचना प्रकाशन हेतु हिन्दी की दो प्रति आपकी ओर संलग्न प्रेषित है।

कृपया म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र. एफ–53 / 16 / 2012 / 19 / यो. / 6241 भोपाल दिनांक 26.12.2014 के अनुसार जिले में प्रसारित एक समाचार पत्र, राज्य स्तरीय दो समाचार पत्रों में प्रत्येक के दो–दो संस्करण में प्रकाशित करने का कष्ट करें। प्रकाशन सूचना क्रमांक, जी. नंबर सहित प्रकाशन की एक–एक प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**सहपत्रः–** विज्ञप्ति एवं आवेदन फार्म का प्रारूप
हिन्दी की एक प्रति।

13/06/2024
**मुख्य अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग इंदौर परिक्षेत्र इंदौर**

पृ.क्रमांक 1487 / स्था. / भर्ती.निःशक्तजन / 2024–25 इंदौर, दिनांक 13/06/2024

**प्रतिलिपिः–**
1. प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन म.प्र. भोपाल।
2. आयुक्त संभाग, इंदौर।
3. समस्त मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, म.प्र. भोपाल।
4. कलेक्टर जिला इंदौर / धार / झाबुआ / अलीराजपुर / खण्डवा / खरगोन / बड़वानी / बुरहानपुर।
5. संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग कलेक्ट्रेट कार्यालय इंदौर।
6. अधीक्षण यंत्री, लोक निर्माण विभाग, मण्डल इंदौर / खण्डवा।
7. समस्त कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, परिक्षेत्र इंदौर

की ओर सूचनार्थ प्रेषित कर लेख किया जाता है कि, कृपया उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन फार्म अपने नोटिस बोर्ड में चस्पा करने का कष्ट करें ताकि विज्ञप्ति का प्रचार प्रसार हो सके।

**सहपत्रः–** विज्ञप्ति एवं आवेदन फार्म का प्रारूप।

13/06/2024
**मुख्य अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग इंदौर परिक्षेत्र इंदौर**

# कार्यालय मुख्य अभियंता
## लोक निर्माण विभाग इन्दौर परिक्षेत्र इन्दौर

**Phone-0731-2491825** **Email:cepwdwest@mp.nic.in**

क्रमांक 01 स्थापना/भर्ती नि:शक्तजन/2024-25 इन्दौर दिनांक 13/6/2024

**विज्ञप्ति**

म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग का ज्ञाप क्रमांक एफ 8-2/2013/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 04.01.2024 एवं प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक 303/41/2021/पार्ट-3/528 भोपाल दिनांक 14.03.2024 के अनुसार परिक्षेत्र इंदौर के अंतर्गत सीधी भर्ती से दिव्यांगजनो के लिए सहायक मानचित्रकार (वि./या.), अनुरेखक (सिविल) एवं सहायक ग्रेड-3 की पूर्ति वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी/आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन दिनांक 28.06.2024 तक कार्यालयीन समय 6:00 बजे सायंकाल तक आवेदन फार्म केवल पंजीकृत डाक द्वारा प्राप्त किये जायेंगें, इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। आवेदन कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, परिक्षेत्र इंदौर ओल्ड पलासिया इंदौर, (म.प्र.) पिन कोड-452018 के नाम से संबंधित प्रेषित करें। डाक से हुए विलंब के लिए विभाग उत्तरदायी नही होगा। रिक्त पदो का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक-इन इंटरव्यू के लिये निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नलिखित है।

| स. क्र. | पदनाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित रिक्तियां | | | | कुल योग | निर्धारित योग्यता | वॉक-इन इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टिबाधित और कम दृष्टि हेतु स्वीकृत पद | बहरे और कम सुनने वाले हेतु स्वीकृत पद | लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पाल्सी,कुष्ठ रोग मुक्त, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी हेतु स्वीकृत पद | ओटिज्म बौद्धिक दिव्यांगता स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता हेतु स्वीकृत पद | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. | सहायक मानचित्रकार (वि./या.) | तृतीय श्रेणी | 5200-20200 ग्रेड पे-2400 (सातवें वेतनमान के मेट्रिक लेवल 6 समय-समय पर देय भत्ते सहित) | – | – | 1 | – | 1 | 1. आई.टी.आई. से वास्तुकला में पत्रोपाधि (डिप्लोमा) इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से विद्युत तथा मैकेनिकल यांत्रिकी में मानचित्रकार कला (ड्राफ्टमैन शिप) में प्रमाण-पत्र या सर्वेक्षण का व्यवसायिक प्रमाण-पत्र (सर्वेयर ट्रेड सर्टिफिकेट) या इंडस्ट्रीयल कौंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेडिंग (3 वर्षीय) का शिशुक्षता प्रमाण-पत्र (अप्रेंटिशशिप सर्टिफिकेट) या आटो सी.ए.डी. ज्ञान के साथ कम्प्यूटर साइस में बी.एस.सी. उपाधि या इ.टी. एण्ड टी.ओ.-1 स्तर का प्रमाण-पत्र। | 11.07.2024 |
| 2. | अनुरेखक (सिविल) | तृतीय श्रेणी | 5200-20200 ग्रेड पे-1900 (सातवें वेतनमान के मेट्रिक लेवल 4 समय-समय पर देय भत्ते सहित) | 1 | 1 | – | 1 | 3 | 1. मध्यप्रदेश माध्यमिक शाला मण्डल से ड्राइंग विषय के साथ (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत हाई-स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण या उसके समकक्ष कोई परीक्षा पास का प्रमाण-पत्र या राज्य सरकार द्वारा इससे निमित मान्यता प्राप्त किसी अन्य कोई बोर्ड या संस्था का प्रमाण-पत्र या मान्यता प्राप्त किसी अन्य समतुल्य बोर्ड का उच्चतर माध्यमिक (तकनीकी) परीक्षा का प्रमाण-पत्र, डी.ओ.ई.ए., सी.सी. या ओ. स्तर का प्रमाण-पत्र या आटो सी.ए.डी. का प्रमाण-पत्र। | 11.07.2024 |
| 3. | सहायक ग्रेड – 3 | तृतीय श्रेणी | 5200-20200 ग्रेड पे-1900 (सातवें वेतनमान के मेट्रिक लेवल 4 समय-समय पर देय भत्ते सहित) | 2 | 2 | 1 | 2 | 7 | 1. हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।<br>2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्था से न्यूनतम एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।<br>3. म.प्र. शासन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (**CPCT**) स्कोर कार्ड अभ्यर्थी को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं हिन्दी टंकण मे उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। | 11.07.2024 |

**नोट :- आवेदन का प्रारूप विभाग की वेबसाईट www.mppwd.gov.in पर उपलब्ध है।**

**अन्य शर्तें :-**

(1) आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

(2) समस्त प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा अथवा स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

(3) आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग एवं निःशक्तजन के उम्मीदवारो को नियमानुसार 05 वर्ष की छूट का प्रावधान है।

(4) आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोजगार कार्यालय मे जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

(5) शासकीय विभाग मे कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

(6) वॉक-इन इंटरव्यू के समय सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियों के साथ आना अनिवार्य है।

(7) न्यूनतम 40% निःशक्तता का डिजिटल प्रमाण-पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।

(8) डिजिटल जाति प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।

(9) कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गयी न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।

(10) आवेदक की ई-मेल आई.डी. ...................................... एवं मोबाईल नं. ......................................................................................

(11) जिस आवेदक की 02 से अधिक जीवित संतान है उनमे से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।

(12) मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 12 दिसम्बर 2019 के अनुसार तीन वर्ष की परिवीक्षा पर प्रथम वर्ष वेतनमान 70% द्वितीय वर्ष 80% तृतीय वर्ष 90% प्रतिमाह वेतन के रूप मे देय होगी।

(13) नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार, मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, इंदौर परिक्षेत्र इंदौर के पास सुरक्षित होंगे।

13/06/2024

मुख्य अभियंता
**लोक निर्माण विभाग इंदौर परिक्षेत्र इंदौर**